# घर आ गए लक्ष्मण राम अवध आनंद भयो

घर आ गए लक्ष्मण राम,
अवध आनंद भयो।bd।

---

अवधपुरी में सियाराम का,
मंदिर बना है भारी,
हनुमान और लखन विराजे,
संग में विराजे सीता प्यारी,
अवध आनंद भयो,
घर आ गये लक्ष्मण राम,
अवध आनंद भयो।bd।

---

राम नाम का जय जयकारा,
अवध में भारी शोर,
भगवा ही भगवा लहराए,
अवध में चारों ओर,
अवध आनंद भयो,
घर आ गये लक्ष्मण राम,
अवध आनंद भयो।bd।

---

राम आगमन हो जाने से,
अवध हुई खुशहाली,
सारे जगत में फिर से आई,
दीपों की प्यारी दिवाली,
अवध आनंद भयो,
घर आ गये लक्ष्मण राम,
अवध आनंद भयो।bd।

---

घर आ गए लक्ष्मण राम,
अवध आनंद भयो।bd।

**Singer – Nisha Dwivedi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com